दुनिया के लिए मेरा संदेश

मेरा मानना है कि हम सबके अंदर अच्छाई और बुराई दोनों है। मैं यह भी मानता हूँ कि इन दोनों में से अच्छाई ज्यादा ताकतवर है। मैंने बहुत पहले ही सीख लिया था कि कुछ मौके और थोड़े सच्चे प्रयासों से आमतौर पर बुराई पर अच्छाई की जीत होती है।

इस धरती पर बिताये गए समय के दौरान मेरी आँखों ने बहुत कुछ देखा है। हम सभी की तरह, मेरा भी कई बार मन हुआ है कि मैं वो चीज ना करूँ जो मुझे पता था कि सही है। इसका कारण हमेशा से काफी हद तक समान रहा है।

जब मैं जवान था तो मैंने अपने बुजुर्गों की बातें सुनी। उन्होंने मुझे कड़ी मेहनत करने के लिए और नियमों का पालन करने के लिए कहा। जिसके लिए एक दिन मैं उनकी सभी प्रिय चीजों को हासिल करके पुरस्कृत किया जाता। वे इसे सफलता कहते थे। आप मुझे मूर्ख कह सकते हैं, लेकिन जल्दी ही मैंने फैसला कर लिया कि उनकी सफलता की परिभाषा मेरी परिभाषा नहीं है। अपने जीवन में मैं उन चीजों से प्रेरित या प्रोत्साहित नहीं हो सकता हूँ जिन्हें ये लोग इतना मूल्यवान मानते थे।

गरीबों की सहायता करने के प्रयासों से मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिली। वे हममें से कुछ ऐसे लोग थे जो सबसे ज्यादा परवाह करते थे।   मुझे पता चला कि जिन नियमों का मुझे पालन करने के लिए कहा गया था उन्हें अमीरों को और अधिक अमीर बनाने के लिए बनाया गया था। अक्सर (जानबूझकर या अनजाने में; इससे कोई फर्क नहीं पड़ता) इसकी वजह से जनसंख्या के एक बड़े प्रतिशत के साथ बुरा व्यवहार होता था।

मैं इसे वर्ष 2018 में लिख रहा हूँ। हमने इंसानों को चांद पर भेज दिया है। हमने भयानक बीमारियों का इलाज खोज लिया है। हमने अपने सौर मंडल से भी दूर स्थित ग्रहों के बार में खोज कर ली है।

लेकिन गरीबी और निराश्रयता अभी भी बढ़ना जारी है। हम भयानक व्यसनों से प्रभावित हैं। हम अपने पड़ोस में रहने वाले मानसिक बीमारी से ग्रस्त लोगों को मारकर उन्हें सजा देते हैं। अरबों लोगों के पास बैंक खाते नहीं हैं और इन सबमें सबसे अजीब बात यह है कि मुझे नियमों का पालन करने के लिए कहने वाला ऐसा एक भी व्यक्ति नहीं मिलता जो इसकी परवाह करता है। और इससे भी बुरी बात यह है कि हममें में ज्यादातर लोग अभी भी उन बातों को मानते हैं जो हमसे कहा जाता है। उन सभी व्यापक साक्ष्यों के बावजूद, जो स्पष्ट रूप से बताते हैं कि वर्तमान प्रणाली हमारी उम्मीदों के अनुसार काम नहीं कर रही है, फिर भी हम सुनना, और विश्वास करना जारी रखते हैं। मैंने सोचना शुरू कर दिया कि जीवन जीने का कोई बेहतर तरीका है या नहीं। ऐसा कोई ना कोई तरीका जरूर होना चाहिए जो केवल कुछ भाग्यशाली लोगों के बजाय, हम सभी के लिए फायदेमंद हो सके।

तकनीक ने मुझे जवाब दिया। विशेष रूप से, ब्लॉकचेन तकनीक ने।

मुझे एक ऐसा तरीका मिला जो चीजों को बदलकर वास्तव में उन्हें सबके लिए बेहतर बना सकता था। हम इसे VIAZ कहते हैं

VIAZ वो स्थान है जहाँ हम सभी अपने आपको बेहतर बनाने के लिए जा सकते हैं। यह वो स्थान है जहाँ से हम मानव जाति के रूप में सभी लोगों को ऊपर उठा सकते हैं। सरल शब्दों में, हम सभी को शामिल करके दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर स्थान बना सकते हैं।

मूल रूप से यह एक सामान्य बाज़ार है। इस दुनिया का हर एक व्यक्ति जल्दी ही इसकी बेमिसाल शक्ति का लाभ उठाने में समर्थ होगा। जीवन में पहली बार मैं जानता हूँ कि VIAZ औसत संसाधनों वाले लोगों को, वर्तमान में हमें प्रदान किये जाने वाले मुनाफों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छे मुनाफों के साथ, हमारे बीच के समृद्ध लोगों को ऋण देने में समर्थ करेगा।

मैं इसे एक उदाहरण के माध्यम से आपको समझाता हूँ।

मान लीजिये एक व्यक्ति (मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूँ) ने 2013 में बिटकॉइन में $50,000.00 का निवेश किया जब एक सिक्के की कीमत $235.00 थी, इस समय, एक बिटकॉइन की कीमत $8350.00। वह एक भाग्यशाली पुरुष (या महिला) है। अब इस व्यक्ति के पास मौजूद बिटकॉइन की कीमत $1.8 मिलियन के करीब है। अब यह एक घर खरीदना चाहता है। अपनी मिलियन डॉलर मूल्य की क्रिप्टोमुद्रा को प्रयोग करके पूंजी लाभ करों में उस मिलियन राशि का कम से कम 20% भुगतान करने के बजाय, वह VIAZ प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर सकता है। वह घर खरीदने के लिए ऋण के मूल्य का 1.3 गुना बंधक रखने का ऑफर दे सकता है। कोई पूंजी लाभ कर नहीं। इसके बजाय वह आय के विपरीत व्यय (जैसे ब्याज) अस्वीकार करने में भी समर्थ हो सकता है। वह 6% उसे भी प्रदान कर सकता है जिसने उसके ऋण के लिए पैसे का प्रबंध किया है। इसके बाद, दुनिया भर के लोग इस व्यक्ति को दिए गए ऋण के आधार पर घर पर उचित शेयर ले सकते हैं।

टेज़ोस ब्लॉकचेन के माध्यम से बंधक वाले ऋण पर मासिक भुगतान का तुरंत भुगतान किया जाएगा।

ऋणदाता VIAZ के प्रयोग से उधार लेने वाले के ऋण के अपने प्रतिशत को अन्य ऋणदाताओं को बेचने के लिए स्वतंत्र होंगे। ऋण लेने वाला व्यक्ति किसी जुर्माने के बिना किसी भी समय रैखिक ऋण का भुगतान करने में समर्थ होगा।

इसमें शामिल सभी लोगों को लाभ होगा, ना कि केवल कुछ लोगों को।

जो लोग भी 1% से कम की औसत ब्याज दर पर बैंकों में पैसे जमा करते थे, इसके बजाय वो अब एक पूर्ण रूप से सुरक्षित ऋण का वित्तीयन कर सकते हैं जिसे स्मार्ट अनुबंध उत्पन्न करने के लिए बनाया और तैयार किया गया है। अनावश्यक, विश्वसनीय तृतीय पक्ष, बैंक को निकालकर सभी शामिल पक्षों को लाभ होगा। जो ब्याज पहले इस विश्वसनीय तृतीय पक्ष के पास संचित होता था (इसे लिखते समय जो संयुक्त राज्य में बंधकों पर लगभग 5% का औसत मुनाफा है) अब निजी निधि में संचित किया जा सकता है। यह ब्याज (स्मार्ट अनुबंध के लिए पक्षों द्वारा जो भी राशि तय की गयी है) अब आपको, अर्थात नए बैंकों को दिया जायेगा।

मैं इसे दूसरी तरह से बताता हूँ: बैंक आपके जमा धन पर अरबों-खरबों कमाते हैं। उनकी तुलना में आपको कुछ भी नहीं मिलता है।

पूर्ण रूप से क्रियाशील VIAZ के साथ, यह इसका बिलकुल उल्टा होगा।

यह क्षमता हममें से प्रत्येक की है। यह हमेशा से हमारी रही है। इसे बुद्धिमानी से प्रयोग करें।

Peter Meronek
मुख्य कार्यकारी अधिकारी।